Fourteenth Loksabha

Session : 6
Date : 06-12-2005

Participants : Pandey Dr. Laxminarayan

Title : Need to provide landline and mobile phone connections in rural areas of Madhya Pradesh.

डॉ. लक्ष्मीनारायण पाण्डेय (मंदसौर) : अध्यक्ष महोदय, दूर संचार के क्षेत्र में जहां सम्पूर्ण देश में कई योजनाओं के माध्यम से लाभ पहुंचाया जा रहा है, किंतु कतिपय राज्यों में जिनमें मध्यम प्रदेश प्रमुख है, के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वीकृत सामान्य सुविधाओं का भी लाभ नहीं मिल रहा है। परिणामतः जिन क्षेत्रों में मोबाइल व तरंग सुविधायें घोाित की गयी तथा सभी लाभान्वित हो, इस हेतु व्यापक प्रचार भी किया गया, किन्तु लंबी प्रतीक्षा के बाद भी सामान्य टेलीफोन सुविधा भी नहीं मिल पायी है। टेलीफोन कनैक्शन, मोबाइल कनैक्शन या तरंग टेलीफोन कनेक्शन हेतु आवश्यक धनराशि जमा कराने के बाद भी कनैक्शन न देना तथा कोई निश्चित समयावधि भी नहीं बताना असंतोा का कारण बनता जा रहा है।

मेरा माननीय संचार मंत्री महोदय से आग्रह है कि मध्य प्रदेश में संचार सुविधाओं को मांग के अनुसार आपूर्ति हेतु आवश्यक कार्यवाही किए जाने हेतु संबंधित विभाग को आवश्यक निर्देश प्रदान करें ताकि व्याप्त हो रहा असंतोा दूर हो व उपभोक्ताओं को वांछित सुविधा प्राप्त हो सके।